राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक: 15–02–2016

–: प्रेस–नोट :–

राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2013 के सम्बंध में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के अनुक्रम में उक्त परीक्षा की उत्तर कुंजी आयोग द्वारा जारी की जाकर अभ्यर्थियों से आपत्तियां आमंत्रित की गई थी। प्राप्त आपत्तियों की विशेषज्ञों की समिति से जांच कराई गई। विशेषज्ञों से प्राप्त रिपोर्ट पर सम्पूर्ण आयोग द्वारा विचार किया जाकर पूर्व में डिलिट किए गए प्रश्नों के अतिरिक्त 3 और प्रश्न डिलीट किए जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त परिवर्तित उत्तर कुंजी के आधार पर विस्तारित परिणाम (Extended Result) घोषित किया जाएगा। एतद्नरूप पूर्व में मुख्य परीक्षा के लिए सफल घोषित किए गए अभ्यर्थियों के अतिरिक्त विस्तारित परिणाम (Extended Result) वाले अभ्यर्थियों को भी मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अनुमत किया जाएगा।

विस्तारित परिणाम (Extended Result) वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा की तैयारी हेतु 8 सप्ताह का पर्याप्त समय देते हुए सभी अभ्यर्थियों के लिए उक्त परीक्षा 9 से 12 अप्रेल, 2016 तक लिए जाने का निर्णय लिया गया है।

इसके अतिरिक्त सम्पूर्ण आयोग द्वारा निम्नांकित पदों हेतु उनके सम्मुख अंकित तिथियों को आयोजित किया जाना प्रस्तावित किया गया है:–

1– कनिष्ठ लिपिक प्रतियोगी परीक्षा, 2013	–	01–05–2016
2– प्राध्यापक, स्कूल शिक्षा प्रतियोगी परीक्षा, 2015	–	23–05–2016 से 30–05–2016
3– सहायक वन संरक्षक/फोरेस्ट रेंज ऑफिसर प्रतियोगी परीक्षा, 2016 (विज्ञापन जारी होना शेष है)	–	16–07–2016 से 20–7–2016
4– आर.ए.एस./आर.टी.एस. (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2016 (विज्ञापन जारी होना शेष है)	–	28–08–2016

(भगवत सिंह राठौड़)

सचिव